## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.04.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. डॉ भीम राव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने अपना पन्द्रहवां उन्नयन दिवस रक्तदान शिविर और वृक्षारोपन के साथ मनाते हुए सामाजिक संदेश दिया।
2. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में विद्यालयों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा दो दिवसीय टीचर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
3. दक्षिण अंडमान जिला परिषद द्वारा गुप्तापाड़ा और हम्फ्रीगंज में बुनियादी ढांचा कार्यों का शुभारंभ हुआ।
4. राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के लिए राजधानी श्री विजयपुरम में पच्चीस अप्रैल से चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने कल अपना 15वां उन्नयन दिवस सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्थान ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ–साथ सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम की शुरुआत जी.बी. पंत अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर से हुई, जिसमें एनएसएस यूनिट–1 के छात्र स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस पहल ने समाज के प्रति सेवा और मानवीय संवेदनाओं को प्रदर्शित किया। इसके बाद संस्थान परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रों और वरिष्ठ स्टाफ सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण किया।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा शिक्षा निदेशालय के सहयोग से स्कूल सुरक्षा एवं आपदा तैयारी विषय पर दो दिवसीय "टीचर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम" का शुभारंभ कल किया गया। इस कार्यक्रम में द्वीप समूह के विभिन्न विद्यालयों के 412 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आपदा से पूर्व तैयारी, प्रतिक्रिया और प्रबंधन के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर विद्यालयों को सुरक्षित बनाना है। उद्घाटन सत्र में सहायक निदेशक जानिक राम ने सत्र का उद्घाटन किया। आपदा प्रबंधन निदेशक प्रियंका कुमारी ने कहा कि शिक्षक आपात स्थिति में प्रथम प्रतिक्रिया देने वाले महत्वपूर्ण कड़ी हैं और द्वीपों में भूकंप

व सुनामी जैसे प्राकृतिक खतरों के मद्देनजर उनकी तैयारी अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन की मूलभूत जानकारी, स्कूल सुरक्षा, सर्च एंड रेस्क्यू, मेडिकल फर्स्ट रिस्पॉन्स और अग्नि सुरक्षा जैसे विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए।

<><><><><><>

जिला मजिस्ट्रेट, दक्षिण अंडमान द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजकीय प्राथमिक विद्यालय टेलेराबाद जंक्शन से लेकर सब सेंटर, जियो ऑफिस जंक्शन तक का सड़क मार्ग आज से 23 अप्रैल तक बंद रहेगा। सात दिनों का यह प्रतिबंध एपीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क मरम्मत कार्य तथा ड्रेनेज के निर्माण कार्य के कारण लगाया गया है। इस अवधि के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। वाहन चालक राजकीय प्राथमिक विद्यालय टेलेराबाद आरएसएन जंक्शन से टेलेराबाद, एनटीएस जंक्शन होते हुए गाराचरमा जंक्शन और ओल्ड बिम्बलिटान मार्ग का उपयोग कर सकेंगे तथा इसी मार्ग से वापसी भी की जा सकेगी। प्रशासन ने सभी वाहन चालकों एवं आम जनता से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात नियमों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार के उद्देश्य से विकास कार्यों का निरंतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल दक्षिण अंडमान के जिला परिषद अध्यक्ष, प्रकाश अधिकारी ने गुप्तापाड़ा में नॉन–रोड साइड ड्रेन के निर्माण तथा हम्फ्रीगंज में बस स्टैंड के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। यह बस स्टैंड विशेष रूप से स्कूली छात्रों और दैनिक यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक प्रतीक्षा स्थल के रूप में विकसित किया गया है।

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम के चक्करगांव स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा आज दिलानीपुर आंगनवाड़ी में मातृ एवं शिशु पोषण विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुसंधान अधिकारी प्रभारी डॉ. हरजीत सिंह के उद्घाटन संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने पोषण संबंधी चुनौतियों से निपटने में जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद वरिष्ठ अनुसंधान फेलो डॉ. एस. दीपिका ने मातृ एवं शिशु पोषण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार और उचित पोषण से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा

सकता है। व्याख्यान के दौरान स्वस्थ आहार आदतों को अपनाने तथा आयुर्वेद की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग अधिशासी अभियंता (मुख्यालय) कार्यालय के अनुसार कल सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक गाराचरमा फीडर में आवश्यक रखरखाव एवं सुधार कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में लक्ष्मी मोटर्स, शिवाजी कॉलोनी, टीआर हाउसिंग, गाराचरमा बस्ती, गाराचरमा मेडिकल, काली मंदिर, आईटीआई रोड, पंप हाउस, IMFC तथा संपूर्ण गाराचरमा फीडर क्षेत्र शामिल हैं। किसी भी समस्या की स्थिति में विद्युत विभाग की वेबसाइट या टोल–फ्री नंबर 1800–345–1111 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान विद्युत विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि कल विभिन्न तकनीकी कार्यों के चलते निर्धारित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता, दक्षिण अंडमान प्रभाग, हैडो, श्री विजयपुरम द्वारा जारी की गई है। विभाग के अनुसार चून्नाभट्टा में डीटी एवं एचटी लाइन को नई संरचना पर स्थानांतरित करने, निम्बू बागीचा में पोल बदलने कार्य, गाराचरमा में एबीएस मेंटेनेंस कार्य, जोड़ाकिलान में एचटी लाइन की ऊंचाई बढ़ाने तथा मंगलुटान क्षेत्र में एचटी एवं एलटी लाइन रखरखाव कार्य किया जाएगा। इन कार्यों के कारण संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होप टाउन फीडर में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी, जिससे आईपीपी क्षेत्र, होप टाउन, चून्नाभट्टा और माउंट मणिपुर प्रभावित होंगे। वहीं टाइगर एवं आउटर फीडर में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, जिससे सिप्पीघाट, धनिखाड़ी, छोलदारी, पोर्ट मोट, नमुनाघर, डंडस पॉइंट, मंगलुटान, गुप्तापाड़ा, नया शहर और वंडूर क्षेत्र प्रभावित होंगे।

<><><><><><><>

राज्य बास्केटबॉल संघ द्वारा स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप एवं चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 25 और 26 अप्रैल को राजधानी श्री विजयपुरम में आयोजित होगी। आयोजन का उद्देश्य जूनियर पुरुष एवं महिला बास्केटबॉल टीम का चयन

करना है, जो आगामी छिहत्तरवीं जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेगी। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 22 से 29 मई तक राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम, पुडुचेरी में आयोजित की जाएगी। प्रतिभागियों को 24 अप्रैल तक अपना पंजीकरण गूगल फॉर्म के माध्यम से करना होगा। फॉर्म का लिंक एसोसिएशन के व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी 70–63–957–589 नम्बर पर फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

कृषि सचिव की अध्यक्षता में यूटी एटीएमए की अंतर–विभागीय कार्य समूह की बैठक आयोजित हुई, जिसमें वर्ष 2025–26 की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न ब्लॉकों में किसान मित्रों के रिक्त पदों को भी गंभीरता से लिया गया। निर्देश दिया गया कि शेष पदों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शीघ्र भरा जाए। इस संबंध में 30 अप्रैल तक अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

<><><><><><><>